हाईकोर्ट ने बीमा क्लेम के मामले में सरकार से कहा

दुर्घटना रोकने को सुधारो शहर का यातायात सिस्टम

जयपुर @ पत्रिका
patrika.com/city

हाईकोर्ट ने राजधानी स्थित अजमेर रोड, सीकर रोड, टोंक रोड, आगरा रोड, न्यू सांगानेर रोड, बी-टू बायपास, सी-स्कीम, मालवीय नगर, विद्याधर नगर व जयपोरिया क्षेत्र में वाहन दुर्घटनाएं बढ़ने पर चिन्ता जाहिर की है। साथ ही, स्थिति में सुधार के लिए राज्य सरकार और यातायात पुलिस को दो दर्जन से अधिक सुझाव दिए हैं। अब सुनवाई चार मई को होगी।

न्यायाधीश महेश चन्द शर्मा ने भगवंई की याचिका पर यह आदेश दिया। सीमा पाबे के इस मामले में सीमा कंपनी के वकील ने सवाल उठाया कि दुर्घटना के लिए क्षतिपूर्ति राशि का पूरा भार बीमा कंपनी पर नहीं डाला जाए, क्योंकि दुर्घटना के लिए राज्य सरकार भी जिम्मेदार है। ऐसे में आने यात्रियों का निर्वहन नहीं करने के लिए राज्य सरकार पर क्षतिपूर्ति देने का भार डाला जाना चाहिए। कोर्ट ने महाधिवक्ता, राजकीय अभिकक्ता और यातायात पुलिस उपायुक्त को तलब कर दुर्घटना के मामले में सभी का पक्ष सुना। महाधिवक्ता ने कोर्ट से कहा कि अदालत में आए सुझावों पर अध्ययन के लिए कमेटी बनाकर उसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाएगी।


अलका सिनेमा तिराहा

यहां डेढ़ माह से बंद पड़ा है ट्रैफिक सिग्नल

नगर निगम की लापरवाही जनता पर भारी पड़ रही है। निर्माण कार्यों से लेकर कार्यालय खर्च के नाम पर लाखों रुपए खर्च करने वाले नगर निगम के खजाने में ट्रैफिक सिग्नल के बिजली बिल का भुगतान करने की भी रकम नहीं है। मुरलीपुरा क्षेत्र में स्थित अलका सिनेमा तिराहे पर लगे ट्रैफिक सिग्नल का एक लाख रुपए से अधिक का बिजली बिल बकाया होने पर जयपुर डिस्कॉम ने कनेक्शन काट दिया। इस कारण अतिव्यस्त तिराहे पर पिछले डेढ़ माह से ट्रैफिक लाइट बंद पड़ी है।

यातायात पुलिस भी नदारद : अलका सिनेमा तिराहा सीकर रोड और भवानी निकेतन स्कूल की तरफ से आने वाले चौआटोपस के ट्रैफिक सिग्नल बंद होने की जानकारी मिलते ही। बिना भुगतान करने के लिए रकम किसान से संपर्क कर सिग्नल चालू करने का प्रयास करेंगे। तब तक पुलिसकर्मियों के जरिए यातायात बेहतर रखने के पुख्ता इंतजाम कराएंगे।

हैदर अली जैदी, यातायात पुलिस उपायुक्त

टी-प्वाइंट पर पड़ता है। यातायात के लिहाज से देखें तो तिराहे पर विद्याधर नगर से, भवानी निकेतन स्कूल की तरफ से व सीकर रोड से एक साथ वाहन आते हैं। यहां ट्रैफिक लाइट बंद होने के साथ ही दिन में यातायात पुलिसकर्मी भी तैनात नहीं रहते। ऐसे में दुर्घटना की आशंका रहती है।

सिग्नल लाइट का बिजली बिल हाने नहीं मिला। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड यहां बिल नहीं भिजवाता खुद ही बकाया होने पर कनेक्शन काट देते हैं, फिर जोड़ देते हैं। अक्सर तिराहे सिग्नल के खराबे का पता लगाएंगे।

महेंद्र कुमार बैरवा, अधिशासी तिराहे, निगम

पांच माह से बिल का भुगतान नहीं : यातायात पुलिस के मुताबिक इस तिराहे पर 2008 में सिग्नल स्थापित हुआ था। इसका बिल भुगतान की जिम्मेदारी नगर निगम के पास है। सिग्नल लाइट पर लगे मीटर का बिल नवंबर से जमा नहीं हुआ। इसके बाद यह बिल एक लाख रुपए के ऊपर पहुंच गया।

कोर्ट ने इस ओर दिलाया ध्यान

* सड़कों व फ्लाई ओवर को चौड़ा कराया जाए और उनकी मरम्मत कराई जाए।
* मुख्य चौराहों व रोडों का विकास कराया जाए।
* घाटगेटों क्षेत्र में सार्वजनिक यातायात सिस्टम को सुधारा जाए।
* नए पार्किंग स्थल चिह्नित किए जाएं और मौजूदा पार्किंग स्थल सुधार जाए।
* पुराने या मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाए जाएं। * रोड के अनुसार वाहनों के अवागमन का समय तय किया जाए।
* समय-समय पर ऊंचा ट्रांसिंग, स्टॉप लाइन, पार्किंग लाइन को दुरुस्त किया जाए।
* ट्रैफिक लाइट में सुधार हो और सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चले।
* सार्वजनिक क्षेत्र में पार्किंग पर पाबंदी लगाई जाए। * पैदल यात्री पथ को चिह्नांकित कर साइकिल सवारों को प्रोत्साहित किया जाए।
* फ्लाई ओवर के नीचे चौराहे चिह्नित किए जाएं।
* ट्रैफिक सिस्टम में जीपीएस, रेडियो व मोबाइल साधनों का उपयोग हो।
* तीखी गति के यातायात को कुछ सड़कों पर बंद किया जाए।
* यातायात में बाधा पेड़, ट्रांसफार्मर, डेवटी बूथ हटाए जाएं।
* वॉकवे के निर्माण किया जाए।
* बीआरटीएस की उपयोगिता का अध्ययन किया जाए। * पुराने और यातायात पुलिस बढ़ाए जाएं। * दुर्घटना होने पर हाथोंहाथ समस्त दस्तावेज उपलब्ध कर बीमा कंपनी को निपटाएं। * अतिक्रमित वाहनों को रोका जाए और ज्यादा घन चुके वाहनों को सड़कों पर नहीं आने दिया जाए। * प्रदूषण रोकने के लिए प्रयास किए जाए।

असवाल को प्रदेश से बाहर रहने की शर्त पर जमानत

जयपुर @ पत्रिका . सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी लालचन्द असवाल को आठ सप्ताह तक प्रदेश में बाहर रहने की शर्त पर जमानत दे दी है। खंडपीठ ने लालचन्द असवाल की विशेष अनुमति याचिका पर कहा कि उनकी जांच लम्बित रहने तक प्रदेश में बाहर रहना होगा। तथ्यों के अनुसार जयपुर नगर निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रहते समय के मामले में असवाल 6 सप्ताह से अधिक समय से जेल में है।

फंदे पर झूली छात्रा

जयपुर चन्दवाजी @ पत्रिका . जयपुर-दिल्ली राजमार्ग स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में मंगलवार को एक छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। कारणों का खुलासा नहीं हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार शाम करीब पांच बजे विवि के महिला छात्रावास के कमरा नम्बर 305 में कविता दिलावर (21) पुत्री कृष्ण मुरारी पंखे के सहारे रस्सी से लटकी मिली। कविता दिलावर अटरू जिला बारां निवासी है, जो यहां बीकॉम एनएनवीं चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत थी। साथी छात्रा उसे कमरे में छोड़कर गई थी। शाम करीब पांच बजे वह लौटी तो कविता पंखे से झूलते मिली। जयपुर से पहुंची एफएसएल टीम ने कमरे से नमूने एकत्र किए।

अर्जुन नगर अण्डरपास ? निर्माण कार्य में लापरवाही को दबाने में दिनभर जुटे रहे अभियंता

बिजली के बिना गुजारे 24 घंटे, पीने के पानी का भी टोटा

जयपुर @ पत्रिका
patrika.com/city

अर्जुन नगर पर निर्माणाधीन अण्डरपास के काम में सामने आई लापरवाही को जेडीए व रेलवे के अभियंता मंगलवार को दबाने में जुटे नजर आए। मकानों के नीचे से धंसी मिट्टी को रोकने के पुख्ता इंतजाम की बजाय सिर्फ कट्टे लगाकर खानापूर्ति की गई, जिसके बाद भी एक तरफ से घरों में जाने का रास्ता बन्द ही रहा। परिवार के लोग कट्टों पर चढ़कर ही घर में आ-जा सके। उधर, घटना के चलते एक दर्जन से अधिक परिवारों को 24 घंटे तक बिजली से महरूम रहना पड़ा। दूसरे दिन शाम को आपूर्ति सुचारू की गई। इसके साथ ही पेयजल आपूर्ति भी नहीं हुई। हालांकि, जलदाय विभाग ने वैकल्पिक इंतजाम के तहत टैंकर से पानी जरूर पहुंचाया।

नजदीक के घर से प्रवेश : चरकत नगर की तरफ बरौर कोई सुरक्षा व्यवस्था के खुदाई की घटना को लेकर दूसरे दिन दोनों एजेंसियों के अधिकारी खुद का बचाव करते दिखे। आनन-फानन में वैकल्पिक इंतजाम के तहत कट्टे लगाने की कवायद शुरू की गई, जबकि पीक पर जारी काम को देखते हुए सुरक्षा दीवार बनाई जानी थी। स्थानीय निवासी गणपत सिंह, दामोदर प्रसाद ने बताया कि सुरक्षा कारणों से बन्द की गई बिजली मंगलवार शाम को सुचारू की गई, वहीं सीवर के टूटे पाइपों के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की गई। पीड़ित परिवारों के लोग सूचना नजदीक के घर से होते हुए सड़क पर आए। उधर, घटना के चलते एक-दो मकानों में दरारें भी आ गई।

टैक्निकल इंतजाम के तहत मिट्टी से भरे कट्टे लगाते कर्मचारी। दूसरी तरफ घरों में जाने के लिए लोगों को इन्हीं कट्टों का सहारा लेना पड़ा।इनसेट में। पत्रिका

जेडीए से सूचना मिलने पर सुरक्षा कारणों से तीन फीडर की लाइन कर दी गई थी दोपहर में खम्भे के आसपास काम पूरा होने के बाद सप्लाई चालू कर दी गई।
राजेश गुप्त, सहायक अभियंता, जयपुर डिस्कॉम

अर्जुन कार पर निर्माणाधीन अण्डरपास के काम के दौरान पानी की लाइन टूटने से आई दिक्कतों को देखते हुए टैंकर से सप्लाई की गई है।
केवल श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता, जलदाय विभाग

अस्थाई इंतजाम : रेलवे ने यहां 3 हजार मिट्टी के कट्टे लगाकर सुरक्षा घेरा तैयार करने का दावा किया, जबकि बारिश आने पर लीकेज की स्थिति में यह अस्थाई व्यवस्था धराशायी हो सकती है। बताया जा रहा है कि अनुचित कंपनी के पास तो कट्टे भी नहीं थे, जेडीए ने दो हजार कट्टे उपलब्ध कराए।

शुरू नहीं हुई सरस छाछ की आपूर्ति

जयपुर/दौसा @ पत्रिका . सरस डेयरी प्लांट में एक पखवाड़े पहले आग लगने के बाद जयपुर व दौसा जिले में सरस छाछ की सप्लाई नहीं हो पा रही है। गर्मी में सादा छाछ की सबसे अधिक मांग होने के कारण उपभोक्ताओं को भटकना पड़ रहा है। साथ ही बूथ संचालकों को भी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार जयपुर व दौसा जिले में सरस डेयरी के अंचीन करीब 5 हजार बूथ हैं।

एक-दो दिन में सुचारू

तरस डेयरी प्लांट में 23 मार्च को आग लग गई थी। बाहर से इंजीनियरों को बुलाकर मरम्मत का काम कराया जा रहा है। दूध की सप्लाई डेना प्रायोजिकता है। सादा छाछ के अलावा फिलहाल भी उत्पाद की सप्लाई बाधित नहीं हुई है। छाछ की सप्लाई भी एक-दो दिन में सुधार हो जाएगी।
ओम प्रकाश पूनिया, मैनेजिंग, सरस डेयरी जयपुर

विभाग के नोटिस की अनदेखी, कोर्ट ने किया तलब

33 लाख रुपए का सेवा कर चोरी का मामला

जयपुर @ पत्रिका
patrika.com/city

33 लाख रुपए की सेवा कर चोरी के मामले में मंगलवार को राजधानी के विशेष आर्थिक अपराध न्यायालय ने एक व्यवसायी को तलब किया और इसे सेवा कर विभाग में उपस्थित होने का आदेश दिया। प्रकरण के अनुसार विभाग कर चोरी के मामले में तिलक नगर निवासी मनीष परनामी को कई नोटिस भेज चुका था, पर व्यवसायी उपस्थित नहीं हो रहा था। विभाग के परिवाद पर न्यायालय ने आरोपी को तलब किया। न्यायालय ने आरोपित को 25 हजार रुपए मूर्तिमा राशि पर जमानत दे दी और विभाग में उपस्थित होने का आदेश दिया।

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE
Walk-in Interviews
We are hiring in Rajasthan*
Walk-in interviews on 8th, 9th & 10th April 2015 for Sales Professionals between 10 a.m. ~ 5 p.m.
Qualification: Graduates or Post Graduates in any stream
Work Experience: 1+ years sales experience; freshers may also apply
Fixed Salary: ₹1.50 lacs - ₹3.00 lacs p.a.
Interview Location
City: Jaipur — Address: ICICI Prudential Life Insurance Co. Ltd., 3rd Floor, Apex Mall, Lal Kothi Scheme, Tonk Road, Jaipur
City: Udaipur — Address: ICICI Prudential Life Insurance Co. Ltd., 1st Floor, Chetak Point, at Gokul Bhawan, Opp. M N College, Udaipur
You can also email your CV to ...
ICICI Prudential Life Insurance Company Limited IRDA Regn No. 105

सम्पत्ति पर ऋण
ब्याज दर 11.70%
बैंक ऑफ इंडिया
रिश्तों की जमापूंजी

राजस्थान विवि ◆ दर्ज कराया मामला

अब रजिस्ट्रार के नाम से फर्जी आदेश

जयपुर@ पत्रिका . सोशल मीडिया के जरिए छात्रों को भ्रमित करने का खेल अभी जारी है। मंगलवार को किसी ने विवि के रजिस्ट्रार के नाम से एक आदेश जारी कर दिया। इस आदेश में सोमवार को निरस्त हुई परीक्षा की नई तिथि तथा मंगलवार को आयोजित बीकॉम अंतिम वर्ष की परीक्षा को भी निरस्त करने का आदेश और नई तिथि उल्लेखित की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन के पास इसकी जानकारी आई तो आदेश को फर्जी बताया गया।

कुलपति के प्रशासनिक सचिव भूपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि मामले में गांधीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि छात्र विश्वविद्यालय की सूचना को ही अधिकृत मानें। विवि कोई भी नई घोषणा या दिशा-निर्देश जनसम्पर्क कार्यालय के माध्यम से जारी करता है। इसके लिए बकायदा समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी किया जाता है।

38 शिक्षक पर्यवेक्षक नियुक्त

जयपुर @ पत्रिका . राजस्थान विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीकॉम प्रथम वर्ष का पर्चा आउट होने के बाद मंगलवार को परीक्षा केंद्रों पर सख्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत विश्वविद्यालय के 38 शिक्षकों को संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। ये पर्यवेक्षक इन केंद्रों पर परीक्षा संचालन की समस्त व्यवस्थाओं पर नजर रखेंगे। इसके साथ ही कार्यवाहक कुलपति हनुमान सिंह भाटी ने कॉलेज शिक्षा आयुक्त को राजकीय कॉलेजों के 70 शिक्षकों को पर्यवेक्षक के रूप में भेजने के लिए पत्र लिखा है।

अनियमितता के खुलासे पर परीक्षा केंद्र निरस्त : विवि ने मंगलवार को सीकर जिले के रानीली स्थित चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्र को निरस्त कर दिया है। अब इस केंद्र के छात्रों की परीक्षाएं संस्कार बालिका महाविद्यालय पलसाना में आयोजित होंगी। इस परीक्षा केंद्र पर अनियमितता की शिकायत के बाद दांतारामगढ़ के एसडीएम ने औचक निरीक्षण किया था। उनकी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई है।

MANIPAL UNIVERSITY JAIPUR
Invitation for Faculty Applications
Manipal University Jaipur (MUJ), a Manipal Group institution, is a multi-faculty multi-disciplinary, self-financing State University committed to excellence in teaching, research & innovation.
Applications are invited for the following positions in the given streams:
Professor 15 | Associate Professor 30 | Assistant Professor 90
Architecture & Design: Architecture | Applied Arts | Fashion Design | Interior Design | Jewellery Design | Planning | Civil Engineering
Engineering: Automobile | Chemical | Civil | Computer Science | Electronics & Communication | Electrical & Electronics | Information Technology | Mechanical | Mechatronics
Business & Commerce: Banking | Business Law | Taxation
Hotel Management: Food Production | F&B Service | House Keeping | Front Office
Humanities & Social Science: English | Economics | Foreign Languages | Journalism & Mass Communication | Political Science | Psychology
Law: Constitutional Law | Intellectual Property Law | Tort & Crime
Management: General Management | HR | Marketing | Operations Management
Science: Bio Sciences | Biotechnology | Botany | Chemistry | Environmental Science | Geology | Mathematics | Physics | Statistics
For more details regarding pay scales, eligibility, qualifications, experience and other information, please refer to the link Careers at MUJ on our website http://jaipur.manipal.edu/
Selected candidates may apply online / submit the duly filled downloaded application by Post by 30 April, 2015. Applications received after due date may not be processed for the present requirements but may be considered in future.
For more information, Please contact the following members:
0141-3290130 Ext. 185 & 249 or 7073655629 or 8003599005
write to the Registrar manipal.edu
MANIPAL UNIVERSITY JAIPUR

सुहाने सफर के लिए एक विश्वसनीय साथी - XL Super
TVS
आकर्षक नया दाम
XL SUPER ऑन रोड मूल्य ₹31,884/-
₹6999/-
XL SUPER HD ₹ 33,561/-
080 6700 6020
TVS XL SUPER

black sep